Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 12

Total No. of Questions : 25

# पूर्वमध्यमा द्वितीयखण्ड (10वीं) वार्षिक परीक्षा 2025–26

## विषय कोड : 1022

## हिन्दी (ऐच्छिक)

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश:–** (*i*) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप-प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 6 से 13 तक लघुउ त्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 14 से 18 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(*vi*) प्रश्न क्रमांक 19 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।

(*vii*) प्रश्न क्रमांक 24 हेतु 5 अंक निर्धारित हैं।

(*viii*) प्रश्न क्रमांक 25 के लिए 10 अंक (7+3) निर्धारित हैं। शब्द-सीमा लगभग 250 शब्द है।

1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए– 7×1=7

(*i*) नवीन उपमानों का प्रयोग किस काव्य की प्रमुख विशेषता है ?

(अ) भक्तिकाल (ब) प्रयोगवाद

(स) रीतिकाल (द) शृंगारकाल

(*ii*) गोपियों ने अपने वाक् चातुर्य के आधार पर किसको परास्त कर दिया ?

(अ) ज्ञानी उद्धव को (ब) ज्ञानी केशव को

(स) ज्ञानी माधव को (द) मंगलाप्रसाद पारितोषिक को

(*iii*) लय, तुक, यति, गति, मात्रा एवं चरण से युक्त रचना को क्या कहते हैं ?

(अ) रस (ब) छन्द

(स) अलंकार (द) मुक्तक

(*iv*) हर 15 दिन में कंपनी के काम से कस्बे से गुजरते थे–

(अ) नेताजी (ब) कैप्टन

(स) हालदार साहब (द) पुलिस वाले

(*v*) किस समास में दोनों पद प्रधान होते हैं ?

(अ) अव्ययीभाव समास में (ब) बहुब्रीहि समास में

(स) कर्मधारय समास में (द) द्वन्द्व समास में

(*vi*) भोलानाथ का असल नाम क्या था ?

(अ) अमरनाथ (ब) तारकेश्वरनाथ

(स) रमानाथ (द) बटुकनाथ

(*vii*) उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ प्रसिद्ध थे–

(अ) सितार वादन के लिए (ब) शहनाई वादन के लिए

(स) तबला वादन के लिए (द) बांसुरी वादन के लिए

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए— 6×1=6

(*i*) राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद रामचरितमानस के .......................... से लिया गया है।

(बालकाण्ड/अयोध्याकाण्ड)

(*ii*) अभिनय तत्व की प्रधानता .......................... काव्य में होती है। (श्रव्य/दृश्य)

(*iii*) .......................... छंद के प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ होती हैं। (दोहा/चौपाई)

(*iv*) लखनऊ को नवाबों का .......................... कहा जाता है। (गाँव/शहर)

(*v*) दो निकटतम स्वरों के मेल से जो परिवर्तन होता है उसे .......................... सन्धि कहते हैं। (व्यंजन/स्वर)

(*vi*) कटाओ में बर्फ से ढके पहाड़ .......................... की तरह चमक रहे थे। (चाँदी/सोने)

3. निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए— 7×1=7

(*i*) बादल निराला का प्रिय विषय है।

(*ii*) जहाँ अलौकिक आश्चर्य का भाव उत्पन्न हो, वहाँ अद्‌भुत रस होता है।

(*iii*) 'लखनवी अंदाज' पाठ की शैली निबंधात्मक है।

(*iv*) बिस्मिल्लाह खाँ उस्ताद पैगंबर बख्श खाँ और मिट्ठन के बड़े साहबजादे थे।

(*v*) 'गागर में सागर भरना' का अर्थ थोड़े में अधिक कहना होता है।

(*vi*) 'राम बाजार जाता है।' एक आज्ञावाचक वाक्य है।

(*vii*) अज्ञेय ने हिरोशिमा पर कविता लिखी थी।

4. सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए— 7×1=7

| स्तम्भ (अ) | स्तम्भ (ब) |
|---|---|
| (*i*) भोली आत्मकथा | (क) मंगल |
| (*ii*) अन्य उक्ति | (ख) शीला अग्रवाल |
| (*iii*) काशी में मरण | (ग) गंतोक |
| (*iv*) हिन्दी की प्राध्यापिका | (घ) छः |
| (*v*) समास के भेद | (ङ) आत्मकथ्य |
| (*vi*) पहाड़ | (च) शोक |
| (*vii*) करुण रस | (छ) अन्योक्ति अलंकार |

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए— 7×1=7

(*i*) फसल कविता हमें उपभोक्ता संस्कृति के दौर में किस संस्कृति के निकट ले जाती है ?

(*ii*) रमणीयार्थ प्रतिपादकः शब्दः काव्यं यह परिभाषा किस विद्वान ने दी ?

(*iii*) नेताजी की मूर्ति पर बच्चों ने कौन-सा चश्मा लगा दिया था ?

(*iv*) 'शिवाजी शेर थे' वाक्य में निहित शब्द-शक्ति का नाम लिखिए।

(*v*) मइया कौन-से अनाज को अमानिया कर रही थी ?

(*vi*) धर्म चक्र (प्रेयर व्हील) को घुमाने के पीछे कौन-सी मान्यता है ?

(*vii*) अमोला किसे कहते हैं ?

6. रीतिकाल के **दो** कवियों के नाम उनकी एक-एक रचना के नाम सहित लिखिए। 2

**अथवा**

प्रगतिवादी काव्य के **दो** कवियों के नाम उनकी एक-एक रचना के नाम सहित लिखिए।

7. उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है ? 2

**अथवा**

'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' पाठ के आधार पर लक्ष्मण के स्वभाव की कोई **दो** विशेषताएँ लिखिए।

8. मानवीकरण अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

**अथवा**

रौद्र रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

9. सेनानी न होते हुए भी कैप्टन चश्में वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ? 2

**अथवा**

भगत की पुत्रवधु उन्हें अकेला क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

10. 'एक कहानी यह भी' आत्मकथा में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है ? 2

**अथवा**

शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है ?

11. निम्नलिखित समास का विग्रह कर उसका नाम लिखिए– 2

(i) रसोईघर

(ii) यथाशक्ति

**अथवा**

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए–

(i) खून पसीना एक करना

(ii) घी के दिए जलाना

12. भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल व खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है ? लिखिए। 2

**अथवा**

कवी लोंग स्टॉक किसलिए प्रसिद्ध है ?

13. लेखक अज्ञेय ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया ? 2

**अथवा**

कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का लगाना किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है ?

14. कवि नागार्जुन के अनुसार फसल क्या है ? 3

**अथवा**

कवि निराला की आँख फागुन की सुंदरता से क्यों नहीं हट रही है ?

15. माधुर्य गुण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 3

**अथवा**

चौपाई छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

16. आत्मकथा एवं जीवनी में **तीन** प्रमुख अंतर लिखिए। 3

**अथवा**

कहानी और उपन्यास में **तीन** प्रमुख अंतर लिखिए।

17. अगरबत्ती विक्रय हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 3

**अथवा**

विद्यालय में प्रवेश को लेकर एक अभिभावक और प्राचार्य के मध्य संवाद लिखिए।

18. गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों का शहर' क्यों कहा गया ? 3

**अथवा**

भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ?

19. सूरदास **अथवा** तुलसीदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए— 4

(i) **दो** रचनाएँ

(ii) भावपक्ष

(iii) कलापक्ष

(iv) साहित्य में स्थान।

20. रामवृक्ष बेनीपुरी **अथवा** स्वयंप्रकाश की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए— 4

(i) **दो** रचनाएँ

(ii) भाषा

(iii) शैली

(iv) साहित्य में स्थान।

21. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए— 4

बादल, गरजो!
घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ!
ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले, विद्युत-छबि उर में,
कवि, नवजीवन वाले! वज्र छिपा, नूतन कविता, फिर भर दो-
बादल, गरजो!

**अथवा**

मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ
देती वह आवाज़ सुंदर कमज़ोर काँपती हुई थी
वह मुख्य गायक का छोटा भाई है
या उसका शिष्य
या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार
मुख्य गायक की गरज़ में

22. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए– 4

नवाब साहब ने सतृष्ण आँखों से नमक मिर्च के संयोग से चमकती खीरे की फाँकों की ओर देखा। खिड़की के बाहर देखकर दीर्घ निश्वास लिया। खीरे की एक फाँक उठाकर होठों तक ले गए। फाँक को सूँघा। स्वाद के आनंद में पलकें मुँद गईं। मुँह में भर आए पानी का घूँट गले से उतर गया। तब नवाब साहब ने फाँक को खिड़की से बाहर छोड़ दिया। नवाब साहब खीरे की फाँकों को नाक के पास ले जाकर, वासना से रसास्वादन करे खिड़की के बाहर फेंकते गए।

**अथवा**

एक संस्कृत व्यक्ति किसी नयी चीज की खोज करता है, किन्तु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता।

23. निम्नलिखित अपठित काव्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 4

अंबर बने सुखों की चादर, धरती बने बिछौना।

मिट्टी से सोना उपजाओ, इस मिट्टी से सोना।

यह मिट्टी जगती की जननी, इसको करो प्रणाम।

कर्मयोग के साधक बनना, ही सेवा का काम।

हाली उठा हाथ से हल को, बीज प्रेम के बोना।

चना, मटर, जौ, धान, बाजरा और गेहूँ की बाली।

मिट्टी से सोना बन जाती, भर-भर देती थाली।

दूध-दही पी-पी मुस्काए, मेरा श्याम सलौना।

**प्रश्न—**

(*i*) अंबर किसकी चादर बना है ?

(*ii*) श्याम सलौना क्या-क्या पीकर मुस्कुराता है ?

(*iii*) उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए।

**अथवा**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में उसके मित्र भी होते हैं, शत्रु भी, परिचित भी, अपरिचित भी। जहाँ तक शत्रुओं, परिचितों और अपरिचितों का प्रश्न है, उन्हें पहचानना बहुत कठिन नहीं

होता, किंतु मित्रों को पहचानना कठिन होता है। मुख्यत: सच्चे मित्रों को पहचानना बहुत कठिन होता है। यह प्राय: देखा गया है कि एक ओर तो बहुत से लोग अपने-अपने स्वार्थवश सम्पन्न, सुखी और बड़े आदमियों के मित्र बन जाते हैं या ज्यादा सही यह होगा कि यह दिखाना चाहते हैं कि वे मित्र हैं। इसके विपरीत जहाँ तक गरीब, निर्धन और दु:खी लोगों का प्रश्न है मित्र बनाना तो दूर रहा, लोग उनकी छाया से भी दूर भागते हैं। इसीलिए कोई व्यक्ति हमारा वास्तविक मित्र है या नहीं, इस बात का पता हमें तब तक नहीं लग सकता जब तक हम कोई विपत्ति में न हों। विपत्ति में नकली मित्र तो साथ छोड़ देते हैं और जो मित्र साथ नहीं छोड़ते, वास्तविक मित्र वे ही होते हैं।

**प्रश्न**–

(*i*) समाज में किसको पहचानना कठिन है ?

(*ii*) सच्चे मित्र की पहचान कब होती है ?

(*iii*) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

24. स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए अपने विद्यालय के प्राचार्य को आवेदन-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र को एक बधाई-पत्र लिखिए।

25. (अ) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए— 7

(*i*) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व

(*ii*) पर्यावरण प्रदूषण : कारण एवं निदान

(*iii*) मेरे जीवन का लक्ष्य

(*iv*) पुस्तकालय का महत्व

(*v*) स्वस्थ रहने में खेलों का महत्व

(ब) निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर रूपरेखा लिखिए— 3

(*i*) विज्ञान के बढ़ते चरण

(*ii*) जल है तो कल है

(*iii*) समाचार-पत्रों की आवश्यकता

(*iv*) कम्प्यूटर शिक्षा : आज की आवश्यकता

(*v*) स्वच्छ भारत अभियान